



# गंधवानी में अवैध शराब बिक्री पर आबकारी विभाग मौन

इकरार अली

**गंधवानी निप्र।** गंधवानी क्षेत्र में ढाबे और दुकानों पर अवैध शराब जमकर बिक रही है। यहां पर आसानी से हर गांव में शराब उपलब्ध हो रही है, वहीं सरकार के द्वारा गंधवानी में दो दुकान दी गई है। क्रमांक एक बड़े पुल के पास है और क्रमांक दो चिकली फाटे के पास में है, जिनके अलग-अलग एरिया है।

दो दुकान होने के बावजूद गांव में शराब का सप्लाई धड़ल्ले से हो रहा है और लोगों को आसानी से अपने गांव में शराब उपलब्ध हो रही है, जिससे उन्हें शराब को खरीदने में आसानी है और लोग शराब के आदि हो रहे हैं। यहां पर मजदूर और गरीब वर्ग के लोग निवास करते हैं जो अपनी कमाई को दारू में ही बर्बाद कर रहे हैं मामले में जानकारी के अनुसार आबकारी ठेकेदार के द्वारा ही पूरे क्षेत्र में शराब का सप्लाई वाहनों के माध्यम से किया जा रहा है जिससे ढाबे और दुकानों पर शराब मिल रही है वहीं पूरे मामले में आबकारी विभाग पूरी तरह से निष्क्रिय नजर आ रहा है ना तो उनके विभाग के कार्यलय के ताले खुलते हैं ना ही अधिकारी कर्मचारी लोग इस अवैध शराब के धंधे पर ध्यान देते हैं, जिससे यह इस क्षेत्र में खूब फल फूल रहा है जिससे अब प्रतीत होता है कि आबकारी अधिकारियों ने ही गंधवानी के ठेकेदार को अवैध शराब सप्लाई करने की खुली छूट दे दी है और गांव में शराब पहुंच रही है। मामले को लेकर आबकारी अधिकारी प्रति मंडलोई से कई बार चर्चा करनी चाहिए लेकिन उन्होंने काल को रिसीव नहीं किया जिससे प्रतीत होता है यह कहीं ना कहीं आबकारी विभाग इस पूरे मामले में ठेकेदार को लाभ पहुंचाने की मंशा रखता है इसीलिए मीडिया से बात करने से कतरा रहे हैं।




### इनका कहना है

गंधवानी में अवैध शराब पर लगातार कार्रवाई होती है ढाबे और आहते पर चेकिंग भी होती है इन जगहों पर संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ करते हैं यदि कहीं पर अवैध शराब मिलती है तो हम कार्रवाई करेंगे।- **प्रदीप खन्ना, थाना प्रभारी, गंधवानी**

## संशोधन लागू -स्वास्थ्य मंत्रालय ने बदले नियम

**धार।** जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि पूरे देश में डॉक्टर की पर्ची के बिना कोई भी सीरप नहीं मिलेगा, इसमें कफ सिरप भी शामिल हैं। पिछले वर्ष कफ सिरप पीने से मध्यप्रदेश और राजस्थान में दो दर्जन से अधिक मृत्यु के बाद सरकार कफ सिरप की गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए उन्हें सख्त निगरानी के दायरे में लाई है। इसके लिए 1945 के नियमों में बदलाव किया गया है। पहले नियमों के तहत 1000 से कम आबादी वाले गांवों में खुदरा बिक्री लाइसेंस के प्रावधानों का पालन किए बिना कफ सिरप के बिक्री की अनुमति थी जिसे अब पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। डॉ. अशोक शास्त्री ने बताया कि स्वाथ्य मंत्रालय के नए नियमों के तहत ग्रामीण इलाक़ों सहित पूरे देश में अब केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त फार्मेसियों के माध्यम से ही कफ सिरप मिल सकेगा।

# मिश्री पाठकों के दिलो-दिमाग में मिठास घोलने में सक्षम होगी : विजयवर्गीय

- धार की ऐतिहासिक भोजशाला में वरिष्ठ साहित्यकार राकेश राणा के सद्य प्रकाशित उपन्यास का विमोचन
- पहली प्रति वाग्देवी के श्री चरणों में की अर्पित

**धार/खरगोन।** निमाड़ अंचल के खरगोन की धरा से उपजे शब्दों का भंडार रविवार को मालवा की धारा नगरी में पूर्णता पा गया। वरिष्ठ साहित्यकार राकेश राणा के प्रकाशित उपन्यास मिश्री का विमोचन धार नगरी की ऐतिहासिक भोजशाला में वरिष्ठ साहित्यकारों और रसिक पाठकों के बीच किया गया।

मिश्री उपन्यास का विमोचन इसलिए भी खास और स्वर्णिम याद बन गया कि राजा भोज के काल में यहां पर तत्कालीन रचित ग्रंथों का विमोचन सरस्वती के इस मंदिर परिसर में किया गया था। भोजशाला की मुक्ति के बाद यहां पर किसी साहित्यिक कृति के विमोचन का यह पहला अवसर था।

धार नगरी के रचनाकारों ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि राजा भोज के काल के 720 वर्ष के बाद किसी कृति का इस मंदिर परिसर में मां सरस्वती के चरणों में अर्पण किया जाना और उसका मुख पटाभिषेक होना धार नगरी के साथ निमाड़ और मालवा अंचल के लिए भी गौरव का क्षण है। वरिष्ठ साहित्यकर राणा ने इस अवसर पर अपने उपन्यास मिश्री के संबंध में कहा कि यह एक ऐसी लड़की की कहानी है, जिसके जीवन में बहुत मिठास थी लेकिन, समाज ने उसके जीवन में कड़वाहट खोल दी और वह मिश्री से निंबोली हो गई। इस विमोचन समारोह में साहित्यकार राणा के व्यक्तित्व परिचय के लिए पत्रकार प्रीतम लखवाल ने अपने भाव प्रकट किए। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष वल्लभ विजयवर्गीय ने भी मिश्री उपन्यास मिश्री पाठकों के दिलो-दिमाग में मिठास घोलने में सक्षम होगी।

## एक नजर में

### ज्ञानभारतम योजना से प्राचीन जिनवाणी संरक्षण का महाअभियान शुरू



**बाकानेर।** केंद्र सरकार द्वारा देश की अमूल्य सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर को सहेजने के लिए शुरू की गई ज्ञानभारतम योजना के तहत पूरे निमाड़ अंचल में प्राचीन शास्त्रों और पांडुलिपियों के संरक्षण का एक ऐतिहासिक महाअभियान गति पकड़ चुका है। श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र बावनगजाजी (चूलगिरि) ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विनोद जी दोशी एवं ट्रस्टी श्रीमती बरखा विवेक ब?जात्या की अनूठी प्रेरणा और प्रयासों से समाज में इस संरक्षण कार्य के प्रति भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी प्रेरणादायी पहल के तहत श्री बाकानेर दिगम्बर जैन मंदिर जी की 28, प्राचीन पांडुलिपियों का सफल पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) श्रीमती चंचल प्रफुल्ल बड़जात्या और सकल जैन समाज के प्रयास से ज्ञानभारतम ऐप पर संपन्न हो चुका है। बावनगजा ट्रस्ट कमेटी की इस पहल के बाद से पूरे निमाड़ जैन समाज में अपनी प्राचीन ज्ञान-धरोहर को सुरक्षित करने की एक नई लहर दौड़ गई है। क्या है ज्ञानभारतम योजना और इसके मुख्य लाभ- ?बावनगजा ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विनोद दोशी एवं ट्रस्टी श्रीमती बरखा विवेक ब?जात्या ने बताया कि यह भारत सरकार का एक पूर्णत: नि:शुल्क और अत्याधुनिक अभियान है- अत्याधुनिक डिजिटलीकरण- प्राचीन पांडुलिपियों को हाई-रिजॉल्यूशन स्कैनिंग के जरिए डिजिटल फॉर्मेट में हमेशा के लिए सुरक्षित किया जा रहा है। मूल धरोहर पूरी तरह सुरक्षित- सरकार केवल इसकी डिजिटल कॉपी तैयार करेगी, जबकि आपकी मूल पांडुलिपि (*Original Manuscript*) सुरक्षित रूप से आपके पास या मंदिर के पास ही रहेगी। कोई शुल्क नहीं- संरक्षण, स्कैनिंग और कोडिंग का पूरा कार्य सरकार द्वारा नि:शुल्क किया जा रहा है। वैश्विक पहचान- इस तकनीक से हमारे जैन दर्शन, न्याय और इतिहास को आने वाली पीढ़ियों और वैश्विक शोधकर्ताओं के लिए सुलभ बनाया जा सकेगा।

### कुकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन



**बाग।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जनपद स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन अम्बेडकर भवन बाग में किया गया। जिसमें 22 स्व सहायता समूह द्वारा भाग लिया गया जनपद स्तर पर कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका उद्देश्य मध्यान भोजन में उपयोग होने वाली सामग्री से पौष्टिक स्वादिष्ट स्वच्छ एवं बच्चों की रुचि अनुसार नवीन व्यंजनों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय खाद्य परंपराओं को बढ़ावा देना और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाज दालों हरी सब्जियां मोटे अनाज एवं अन्य पोषक तत्वों से युक्त व्यंजनों को बढ़ावा देना ऐसे स्थानीय एवं पारंपरिक व्यंजनों की पहचान करना जो विद्यार्थी को अधिक पसंद आए तथा भविष्य में मध्यान भोजन मेनू में सम्मिलित किया जा सके एवं पोषण स्वाद एवं लागत के मध्य संतुलन स्थापित करते हुए शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन निर्माण को बढ़ावा देना है विकासखंड स्तर पर एक निर्णायक कमेटी का गठन किया गया उसमें मुख्य कार्य मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग की अध्यक्षता में किया गया प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के व्यंजनों एवं मूल्यांकन निर्धारित मापदंड के अनुसार किया गया जिसमें समिति द्वारा प्रथम पुरस्कार 5000 हजार द्वितीय 3000 एवं तृतीय पुरस्कार 2000 और सांत्वना पुरस्कार 1000 जनपद पंचायत बाग द्वारा दिए जाएंगे कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया ने कहा की इस योजना का उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से बचाकर पौष्टिक भोजन प्रदान करना है जिससे बच्चे कुपोषण का शिकार ना होकर तंतुरस्थ बने। सरपंच धर्मेंद्र बामनिया ने कहा की स्कूलों में प्रतिदिन बच्चो को मध्यान भोजन मिलेगा तो बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ेगी और पौष्टिक भोजन से बच्चों के शरीर का विकाश भी होगा। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नारायण भूरिया भी उपस्थित रहे।बीआरसी धर्मेंद्र ठाकुर द्वारा विस्तृत रूप से पीएम पोषण के बारे में जानकारी प्रदान कर मध्यान भोजन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निर्णायक समिति के प्राचार्य वंदना नायक मॉडल स्कूल बाघ और कन्या स्कूल की प्राचार्य जानू भिड़े और अतिथियों द्वारा बनाए गए भोजन को खाकर विजेता की जानकारी जनपद पंचायत बाग को प्रस्तुत की।इस अवसर पर जन शिक्षक बीएससी एवं स्व सहायता समूह उपस्थित थे अंत में एमडीएम प्रभारी मोहम्मद नईम खान द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# दीक्षा कल्याणक पर निकला वरघोड़ा, भक्तिभाव में डूबा कुक्षी

**कुक्षी।** धर्मधरा, सुरपुरी कुक्षी इन दिनों गच्छाधीपति, हृदय सम्राट आचार्य श्रीमद नित्यसेन सूरी जी एवं मुनीमण्डल एवं साध्वी मण्डल की पावन निश्रा में श्री शान्तिजिन प्रतिष्ठा सह अंजनशलाका महामहोत्सव धर्ममयी छटा से आलोकित हो रहा है।

मंगलवार को प्रभु श्री शान्तिनाथ दादा के दीक्षा कल्याणक के पावन अवसर पर निकले भव्य वरघोड़े ने पूरे नगर को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग में रंग दिया। जैसे-जैसे वरघोड़ा नगर के मार्गों से आगे बढ़ता गया, वैसे-वैसे श्रद्धा की सरिता उमड़ती चली गई और पूरा वातावरण प्रभु भक्ति से सराबोर हो उठा।

सुबह से ही महोत्सव स्थल हस्तिनापुर (ओसवाल धर्मशाला) में धर्ममय वातावरण बना हुआ था। प्रभु श्री शान्तिनाथ दादा की मनोहारी प्रतिमा को आकर्षक साज-सज्जा से अलंकृत रथ में विराजित किया गया। प्रभु श्री शान्तिनाथ की प्रतिमा को रथ में लेकर बैठने के लाभार्थी श्री राजेश कुमार संतोषी लाल जी जैन परिवार, एवं दादा गुरुदेव श्री राजेंद्र सुरिश्वर जी की तस्वीर लेकर हाथी पर बैठने के लाभार्थी श्री विशाल चंद्रभान जी मंडलेचा परिवार एवं पुण्य सम्राट श्रीमद जयंत सेन सूरी जी की तस्वीर लेकर बग्गी में बैठने के लाभार्थी तिलक चंद रूपचंद जी चौधरी परिवार रहे।जैसे ही वरघोड़ा प्रारंभ हुआ, जय-जयकार, मंगल गीत, भक्ति संगीत और धर्मध्वनि से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। श्रावक-श्राविकाएं प्रभु भक्ति में लीन होकर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे, वहीं महिलाओं के मंगलगीतों ने पूरे आयोजन को और अधिक भावपूर्ण बना दिया।







# न्यायालय परिसर में योग दिवस पर किया योगाभ्यास

**सरदारपुर।** योग करने से मानव जीवन मे शारीरिक कष्टो का निवारण होता है योग से शरीर में बीमारियां प्रवेश नहीं करती है व्यक्ति निरोगी रहता है

विश्व योग दिवस के उपलक्ष में न्यायालय परिसर सरदारपुर में तहसील विधिक सेवा समिति सरदारपुर के तत्वावधान मेंयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया

इस अवसर पर न्यायालय परिसर सरदारपुर में विभिन्न योगासन किये गये कार्यक्रम में प्रथम जिला जज सरदारपुर श्री हेमंत यादव साहब द्वितीय जिला जज श्रीमती रश्मि वॉल्टर अभिभाषक संघ अध्यक्ष श्री कमल किशोर वैष्णव नाजिर जगदीश किरार एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। योग कार्यक्रम का संचालन रीतेश जैन ने किया।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया, स्मरण पखवाड़ा शुरू

**धार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती के मार्गदर्शन में धार जिले के सभी 18 मंडलों एवं बूथ स्तर तक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला कार्यालय में हुआ कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर धार नगर मंडल द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ शरद विजयवर्गीय, भाजपा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम और जयराज देवडा ने डॉ. मुखर्जी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाने के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। धारा 370 का उन्होंने पुरजोर विरोध किया था। उनका दिया नारा 卐एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे卐 आज भी राष्ट्र की एकता का मंत्र है।

ये रहे उपस्थित कार्यक्रम में राजा भाउ भदाने मनीष प्रधान अंकित भावसार अल्पना जोशी सीमा पंडिया राजेश हारोड टोनी ठाकुर सन्नी होडा जसप्रित डग नवदीप सिंह चौहान सोनू रघुवंशी अमित शर्मा देवकरण जाट देवेंद्र रावल आशुतोष विजयवर्गीय देवांग पंवार गौरव जाट दिनेश चौहान सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला व मंडल पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 6 जुलाई तक स्मरण मनाएंगे पखवाड़ा

जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 6 जुलाई को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती है। उनकी पुण्यतिथि 23 जून से 125वीं जयंती 6 जुलाई तक के समय को पार्टी %स्मरण पखवाड़े% के रूप में मनाएगी। इस पखवाड़े के दौरान %आपातकाल के काले अध्याय% पर कार्यक्रम आयोजित कर नई पीढ़ी को लोकतंत्र के महत्व से अवगत कराया जाएगा तथा प्राथमिक सदस्यों व बूथ समिति के सदस्यों के लिए डिजिटल माध्यमों का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टोली का गठन कर दिया गया है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन भाजपा के लिए समर्पित रहा

- भाजपा जिलाध्यक्ष भूरिया, भाजपा जिला कार्यालय पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**झाबुआ।** भाजपा जिला कार्यालय मोजीपाड़ा पर भाजपा मंडल झाबुआ एवं ग्रामीण मंडल द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस 23 जून, मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि एवं वक्ताओं ने डॉक्टर मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनकी सेवाओं और बलिदान को याद किया गया।

भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोहर मोदी ने बताया कि भाजपा कार्यालय पर मंगलवार दोपहर 11.30 बजे भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया, भाजपा जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा, देवझिरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल भूरिया एवं जिला पंचायत सदस्य बहादुर हटिला ने सर्वप्रथम डॉ. मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बाद भाजपा जिलाध्यक्ष भानू भूरिया ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका पूरा जीवन प्रेरणा एवं आदर्शों से भरा हुआ है। डॉ. मुखर्जी के जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। डॉ. श्यामा प्रसाद ने अपना पूरा जीवन भाजपा के लिए समर्पित किया। आप भाजपा के जनक के रूप में आज भी पहचाने जाते है। भाजपा जिला मंत्री दीपेश बबलू सकलेचा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का व्यक्तित्व एवं कृतित्व उज्जवल एवं देदीप्यमान था। श्री सकलेचा ने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी से हमें प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलकर जीवन को साकार बनाना है एवं पार्टी के प्रति पूर्णत: समर्पित रहकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करना है। जिला पंचायत सदस्य श्री हटिला में डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## विचार प्रवाह साहित्य मंच की ऑनलाइन संगोष्ठी

इंदौर. विचार प्रवाह साहित्य मंच ने फादर्स डे पर ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की। वरिष्ठ लेखिका डॉ. सोनल मेहता (भोपाल) की अध्यक्षता में हुई इस गोष्ठी में विभिन्न शहरों से शामिल हुए रचनाकारों ने पिता को लेकर किस्से सुनाए और काव्य पाठ किया. रचना पाठ और किस्सागोई के दौरान अपने जीवन में पिता के योगदान का स्मरण कर कई रचनाकार खुद तो भाव विभोर हुए ही साथी रचनाकारों को भी भाव विभोर कर दिया. वरिष्ठ लेखिका अमिता मराठे, अर्चना पंडित, कुमुद दुबे (भोपाल), धीरेंद्र कुमार जोशी (महू), सुषमा दुबे, सुषमा सिन्हा, आशा मुंशी, सुषमा व्यास पारिजात मित्रा शर्मा (महू), अर्चना मंडलोई, माधुरी व्यास नवपमा, राधिका रितेश मंडलोई,, निशा बुधे झा (जयपुर), डॉ. पूनम विशाल आदि ने रचना पाठ किया. स्वागत भाषण मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने दिया. संचालन उपासना गुप्ता ने किया. आभार आयोजन संयोजक अमोघ अग्रवाल ने माना.

# मानसून से पहले बिजली विभाग को सताया बड़ा बिजली कटौती का डर

### *अधिकारियों को जारी हुए अलर्ट*

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** मानसून की शुरुआत के साथ ही बिजली विभाग को मालवा-निमाड़ क्षेत्र में आपूर्ति व्यवस्था चरमराने की आशंका सताने लगी है. तेज हवा, आंधी और बारिश से बिजली लाइनों व उपकरणों को नुकसान पहुंचने की संभावना को देखते हुए विभाग ने सभी जोन और वितरण केंद्रों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं. बिजली कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम खराब होने पर होने वाले बिजली व्यवधानों को जल्द से जल्द सुधारने के लिए अतिरिक्त टीमें तैनात की जाएं. इससे साफ है कि आगामी दिनों में कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को विभाग भी गंभीरता से देख रहा है. विभाग ने अधिकारियों को यह भी कहा है कि बिजली बंद होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को कारण और बहाली का अनुमानित समय बताया जाए.

## एक नजर में

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीड़ित परिवार के लोगों से मिले, दी एक लाख की मदद

# अवंतिका की मौत पर उमंग सिंघार का सरकार पर निशाना

**गंधवानी। धार के गंधवानी की छात्रा की संदिग्ध मौत के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के साथ पीड़ित परिवार से मिले। 1 लाख की आर्थिक मदद दी। सरकार पर साधा निशाना - कहा पेपर लीक और परीक्षा निरस्त होने से बच्चे तनाव में।**

धार जिले के गंधवानी क्षेत्र के ग्राम बलवारी खुर्द की रहने वाली हश्वश्वज्ञ अभ्यर्थी अवंतिका मौर्य की इंदौर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार आज छात्र के पिता डॉक्टर बनसिं? मौर्य और पीडति परिवार से मिलने पहुंचे।

सिंघार ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की और अपनी ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। मीडिया से चर्चा में सरकार पर साधा निशाना-परिवार से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में उमंग सिंघार ने परीक्षा व्यवस्था और पेपर लीक को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा, एक छात्रा जो नीट की परीक्षा में प्रयास कर रही थी, कई बार परीक्षा निरस्त हो गई। उसका कसूर क्या था कि उसकी मौत हो गई? क्या गलती है उस बच्ची की? क्या सरकार बच्चों को आत्महत्या के लिए उकसा रही है

**परीक्षाएं समय पर नहीं, पेपर लीक हो रहे**-सिंघार ने कहा कि सरकार समय पर परीक्षाएं नहीं करा पा रही है। परीक्षाएं होती हैं और निरस्त हो जाती हैं, पेपर लीक हो जाते हैं। सरकार को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए। लाखों बच्चे भविष्य के बारे में सोचते हैं। मैं समझता हूं परीक्षाएं समय पर हों, लीक न हों।

**पीएम-सीएम पर भी उठाए सवाल**-नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर भी सवाल उठाए। कहा, प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री को सिर्फ आश्वासन से काम नहीं चलेगा। आज पूरे देश में फिर हश्वश्वज्ञ की परीक्षाएं हो रही हैं।



आगे अवंतिका जैसी कोई और बच्ची आत्महत्या के लिए प्रेरित न हो, मैं समझता हूं सरकार प्रेरित कर रही है। सरकार को इस कदम को कैसे रोकना है, इस पर विचार करना चाहिए। 20 वर्षीय अवंतिका मौर्य पिछले तीन साल से इंदौर में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रही थी। तीसरी मंजिल से गिरने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। परिजनों के मुताबिक वह मानसिक तनाव में थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।